तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, 2 जून 2025

10 श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के समक्ष माथा टेक...



10 बारह लाख से बने अपना पार्क का उद्घाटन



## खबर संक्षेप

### तीन को घायल करने पर चार आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** उचाना थाना पुलिस ने गांव नचारखेड़ा में हमला कर तीन लोगों को घायल करने के चार आरोपितो को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव नचारखेड़ा निवासी शकुंतला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका बेटा अशोक भैंसों का व्यापार करता है। गांव का दूसरा व्यापारी पवन उसके बेटे से रंजिश रखता है।

### मारपीट कर हत्या के मामले में दो गिरफ्तार

**कैथल।** गांव बिच्छिया में मारपीट करके व्यक्ति की हत्या करने के मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एसआई प्रवीन कुमार की टीम द्वारा करते हुए बिच्छिया निवासी 16 वर्षीय किशोर को निरूद्ध करने के अतिरिक्त आरोपी बिच्छिया निवासी सतपाल उर्फ काला को गिरफ्तार कर लिया गया।

### महिला से अश्लील हरकत यूटयूबर के खिलाफ केस

**जींद।** सफीदों के नागक्षेत्र में महिला से अश्लील हरकत करने तथा अभद्र व्यवहार करने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने एक यूटयूबर के खिलाफ अशील हरकत करने, जातिसूचक गालिया देने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। सफीदो निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 15 मार्च का नागक्षेत्र मंदिर में गई थी।

### अवैध हथियार-कारतूस सहित आरोपित दबोचा

**राजौंद।** अवैध असला-अमुनेशन रखने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत थाना राजौंद पुलिस द्वारा एक आरोपी को एक अवैध देशी कट्टे व तीन कारतूस सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना राजौंद पुलिस के एचसी बिंटु की टीम को गश्त दौरान गुप्त सूचना मिली थी।

### घर में घुस कर मारपीट करने पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव सिंध्वीखेड़ा में रंजिशन घर में घुस मारपीट करने पर सदर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सिंध्वीखेड़ा निवासी अनूप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि लगभग एक साल पहले गांव खरकरामजी निवासी विजय का उसके भाई के साथ झगड़ा हो गया था। विजय उसके भाई को परेशान कर रहा था।

### ट्रांसफार्मर का सामान चुराने का आरोपी पकड़ा

**कैथल।** गांव अजीमगढ में खेतो से ट्रांसफार्मर चोरी मामले की जांच पुलिस चौकी महमुदपुर प्रभारी एएसआई राजेश कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी बक्शीवाला जिला मानसा पंजाब निवासी अजय उर्फ अजु को काबू कर लिया गया। एसडीओ राहुल यादव की शिकायत अज्ञात व्यक्ति गांव अजीमगढ निवासी अवतार सिंह की खेतो से ट्रांसफार्मर का सामान चोरी करके ले गए।

### दो बच्चों सहित महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** बुढाबाबा बस्ती से दो बच्चों के साथ महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बुढाबाबा बस्ती निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके बेटी उसके पास रहती थी। जो गत दिवस अपने दो बच्चों के साथ घर से गायब हो गई।

### आंगनबाड़ी केंद्र से सामान चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** गांव खरकां में आंगनबाड़ी से सामान चोरी करने के मामले की जांच चौकी रामथली पुलिस प्रभारी ए एस आई मनीष कुमार की अगुवाई में पीएसआई पंकज की टीम द्वारा करते हुए आरोपी खरकां निवासी मन्जीत कुमार उर्फ टिड्डी तथा अमन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

# छह दिन बाद भी चोरी की एफआईआर दर्ज नहीं करने के विरोध में दुकानदारों ने जींद-कैथल मार्ग पर लगाया जाम

## अलेवा थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद माने गुस्साए दुकानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

नगूरां बस स्टैंड स्थित दुकानदारों ने करीब छह दिन पूर्व करियाणा स्टोर की दुकान में चोरों द्वारा चोरी करने के मामले में पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं करने के विरोध स्वरूप रविवार को नगूरां बिजली घर के समीप जींद-कैथल मार्ग अवरोधक डालकर जाम लगा दिया। जाम लगने की सूचना मिलते ही अलेवा थाना प्रभारी आशीष कुमार मौके पर पहुंचे तथा दुकानदारों को चोरी करने के मामले में जल्द एफआइआर दर्ज करने का आश्वासन देकर दुकानदारों को करीब एक घंटा बाद जाम खोलने पर सहमत किया। जाम के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी लाइने लग गई। जाम लगा रहे दुकानदारों ने अलेवा थाना प्रभारी को बताया कि पुरूषोत्तम नामक दुकानदार ने जय दुर्गे करियाणा स्टोर के नाम से नगूरां मुख्य बस स्टैंड पर काफी समय से दुकान की हुई है। चोरों द्वारा 26 मई को उसकी दुकान की पिछली दीवार तोड़कर आगजनी के साथ-साथ लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया गया। यही नहीं उसकी दुकान में चोरों द्वारा पिछे भी तीन बार चोरी की जा चुकी है। इसके लिए तीनों बार पुलिस को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन पुलिस आश्वासन के सिवा कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। मामले को लेकर दुकानदार कई बार नगूरां चौकी प्रभारी के अलावा उचाना के विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री से भी मिले लेकिन पुलिस ने अब तक पिछली चोरियों का सुराग लगाने के अलावा अबकी बार हुई चोरी तक की एफआइआर तक दर्ज नहीं की। जिसके कारण दुकानदारों में चोरों के आंतक के चलते भय बना हुआ है। दुकानदारों का कहना है कि पुलिस अब भी मामले को लेकर एफआइआर दर्ज नहीं कर रही है। जिसके कारण दुकानदारों ने मजबूरी में जाम लगाने पर विवश होना पड़ा। अलेवा थाना प्रभारी ने मामले को लेकर नगूरां चौंकी प्रभारी को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। जिसके बाद दुकानदारों ने अलेवा थाना प्रभारी की बातों से सहमत होकर करीब एक घंटे बाद जाम खोल दिया।




**जींद।** जींद-कैथल मार्ग पर अवरोधक डालकर जाम लगाते नगूरां स्थित दुकानदार। *फोटो :हरिभूमि*

# जींदः कार की टक्कर से बाइक सवार मां की मौत, बेटा गंभीर

- बनभौरी देवी मंदिर में पूजा अर्चना कर बाइक से लौट रहे थे मां बेटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



गांव भौंगरा के निकट रविवार को तेज रफतार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विश्वकर्मा कालोनी निवासी शीला देवी (65), उसका बेटा दीपक पूजा अर्चना के लिए गांव बनभौरी देवी मदिर मे पूजा अर्चना करने गए हुए थे। दोनो मां बेटा बाइक पर सवार हो घर वापस लौट रहे थे। गांव भौंगरा के निकट तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक अपनी कार समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने दोनों का उचाना नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने शीला देवी को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मृतका के भतीजे रमेश की शिकायत पर फरार अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उचाना थाना के जांच अधिकारी राजबीर सिंह ने बताया कि मृतका के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है।



**जींद।** आग की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस व फायरब्रिगेड कर्मी।

# संदिग्ध हालात में लगी आग 25 कूप तूड़ी के जलकर खाक

- किसान ने खेत में किया था पशुचारे के लिए कूपों में तूडी का भंडारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव कटवाल-बिघाना रोड पर खेत में किसान द्वारा लगाए 25 तूड़ी के कूपों में रविवार को संदिग्ध हालात में आग भड़क उठी। घटना की सूचना पाकर फायर बिग्रेड की दो गाडियां मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी की घटना में हजारों क्विंटल तूड़ी जल गई। अलेवा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अलेवा निवासी मनदीप ने कटवाल-बिघाना रोड पर अपने खेत मे 25 कूप तूड़ी के पशुचारे के लिए लगाए हुए थे। रविवार दोपहर को तूड़ी के कूपों में आग भड़क उठी और एक दूसरे तूड़ी के कूपों को अपनी चपेट में ले लिया। तूड़ी के कूपों में आग लगने की सूचना पाकर ग्रामीण आधा दर्जन ट्रैक्टरों के साथ स्प्रे वाली टंकी लेकर पहुंच गए और आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन आग लगतार फैलती चली गई। सूचना मिलने के साथ फायर बिग्रेड की भी दो गाडियां मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक 25 कूपों में भंडारण की गई हजारों क्विंटल तूड़ी जल कर राख को चुकी थी। तूड़ी के कूपों में आग कैसे लगी इसका खुलासा नही हो पाया है। अलेवा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### टेपबाल क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन

**सीवन।** राष्ट्रीय जुनियर टेपबाल क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हरियाणा टेपबाल संघ द्वारा लड़के व लड़कियों दोनो वर्ग में टीम की घोषणा हरियाणा टेपबाल संघ के महासचिव संजय सैन ने की उन्होंने बताया कि टेपबाल क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय जुनियर टेपबाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 8 जून को नोएडा कालेज ओफ फिजिकल एजुकेशन धूम मनिकपुर नोएडा मे किया जाना है इस प्रतियोगिता में भारतवर्ष से लगभग 13 राज्य से टीम आने की संभावना है। लड़कियों की टीम की कप्तान कनिष्का व उपकप्तान सिमरन को बनाया गया टीम के अन्य खिलाड़ियों की सूची में माही, पायल सिसोदिया, श्वेता, नेहा, जानवी, शिखा, अंतरा, ज्योती, नवनूर कौर, भुमी, मोनिका व लड़कों की टीम का बब्बू सीवन व उपकप्तान रितेश कोशिक को बनाया गया टीम के अन्य खिलाड़ियों की सूची में देवांश, समर वीर, साहिल हाण्डा, हेमंत, तुषार, देव, रितेश, युगराज, अभिनव, योगेश, नमन, सुमित राणा, रक्षित चौधरी, को जगह मिली। हरियाणा टेपबाल संघ के महासचिव संजय सैन ने कहा कि टेपबाल खेल क्रिकेट जगत में एक नई क्रांति लेकर आया है इस खेल में खिलाड़ियों को चोट की कम संभावना के साथ खिलाड़ियों का खेल के लिए उपयोगी सामान पर खर्चे में भी कमी आऐगी। क्योंकि खेल में बहुत कम सुरक्षा उपकरणों की आवश्यकता होती है। टेपबाल क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया का भी आभार जताया कि वह भारत क्रिकेट प्रेमियों व खिलाड़ियों में नई उंमग भरने के लिए व उत्साह जगाने के लिए इस प्रकार की टेपबाल प्रतियोगिता करवाते हैं। इस अवसर पर हरियाणा का सहयोगी स्टाफ कोच सुदर्शन सिंह सीवन, संजय कोशिक ,गुरपेज सिंह, सुमन वत्स, इंदर गोस्वामी उपस्थित रहे।

## रणदीप सुरजेवाला और रामपाल माजरा की जोड़ी ने रचा इतिहास

# राजकुमार बैनीवाल बुढ़ाखेड़ा जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रधान- बलजिंदर बने उपप्रधान

### सभी मेंबरों को साथ लेकर संस्थान की भलाई के लिए कार्य किए जाएंगेः बैनीवाल

जाट हाई स्कूल सोसायटी चुनाव में रणदीप और रामपाल माजरा के संयुक्त पैनल की हुई बंपर जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट हाई स्कूल सोसायटी चुनाव शांतिप्रिय ढंग सम्पन्न हुआ। सोसायटी के 74 कॉलेजियम मेंबरों ने चुनाव में अपना मत का प्रयोग किया। जाट हाई सोसायटी कैथल के चुनाव में रणदीप सिंह सुरजेवाला व रामपाल माजरा के संयुक्त प्रत्याशियों की बंपर जीत हुई। दूसरे पैनल के उम्मीदवारो को बहुत ही करारी शिकस्त मिली। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला व इनेलो पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा की सहमति अनुसार पैनल के सांझे उम्मीदवार में से प्रधान पद पर राजकुमार बैनीवाल बुढ़ाखेड़ा को 52 वोट प्राप्त हुए। उपप्रधान बलजिंदर बनवाला 53 वोट प्राप्त हुए। सेक्रेटरी एडवोकेट रश्मि ढुल 58 वोट प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष बलकार नैन 50 वोट प्राप्त हुए। दूसरे पैनल में प्रधान पद पर मेहर सिंह मौन को 22 वोट प्राप्त हुए। उपप्रधान पद पर सतीश अटैला को 21 वोट प्राप्त हुए। सेक्रेटरी पद पर गुरनाम ढुल पाई को 16 वोट प्राप्त हुए और कोषाध्यक्ष पद पर राजपाल लैल्लर को 24 वोट प्राप्त हुए। गौरतलब है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला व इनेलो पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा की सहमति अनुसार पैनल के सांझे उम्मीदवार में से प्रधान पद पर राजकुमार बैनीवाल बुढ़ाखेड़ा, उपप्रधान पद पर बलजिंदर बनवाला, सेक्टरी पद पर एडवोकेट रश्मि ढुल व कोषाध्यक्ष पद पर बलकार नैन मैदान में उतरे। तो विपक्षी पैनल में प्रधान पद पर मेहर सिंह मौन, उपप्रधान पद पर सतीश अटैला, सेक्रेटरी पद पर गुरनाम ढुल पाई व कोषाध्यक्ष पद पर राजपाल लैल्लर कसान चुनाव में उतरे। चुनाव जीतने के बाद सभी उम्मीदवार किसान भवन पर विधायक आदित्य सुरजेवाला व सुदीप का धन्यवाद करने पहुंचे और तत्पश्चात रामपाल माजरा के निवास पर जाकर भी शुक्रिया अदा किया। चुनाव में विजयी हुए उम्मीदवारों ने जीत का श्रेय रणदीप सिंह सुरजेवाला, रामपाल माजरा, सुदीप व समाज के लोगों को दिया।



**कैथल।** नव नियुक्त कार्यकारिणी को बधाई देते विधायक आदित्य सुरजेवाला व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुदीप सुरजेवाला।

### सर्वसम्मति बिगाडी

वरिष्ठ एडवोकेट जेपी जागलान ने कहा कि आज जाट हाई स्कूल सोसायटी में नई कार्यकारिणी गठित हो गई है। कुछ समय पहले ही समाज की सर्वसम्मति से कार्यकारिणी घोषित हो गई थी लेकिन समाज के कुछ कुर्सी के चाहने वाले लोगों ने समाज के कुछ लोगों को गुमराह करके उनको आगे करते हुए सर्वसम्मति तोड़ने का काम किया। वे चुनाव के दौरान दिखाई भी नहीं दिए।

### एडीसी का जताया आभार

नवनियुक्त प्रधान राजकुमार बैनीवाल बुढ़ाखेड़ा ने कहा कि सभी मेंबरों को साथ लेकर संस्था व शिक्षण संस्थान की भलाई के लिए कार्य किए जाएंगे। जाट संस्था के पूर्व उपप्रधान एडवोकेट राकेश नैन ने कहा कि संस्था में चुनाव करवाने के लिए वे पूरा समाज के साथ संस्था के प्रशासक एडीसी दीपक बाबू लाल करवा का आभार प्रकट करते हैं।



**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा चुनाव प्रक्रिया को निहारते।

### ऑनलाइन टास्क देकर लगाया 1.42 लाख का चूना

**जींद।** ऑनलाइन टास्क पूरा करने पर अच्छा मुनाफा होने तथा टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ कर एक लाख 42 हजार 855 रुपये हडपने का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। छोटूराम कालोनी निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 28 मई को उसके व्हाट्सअप पर लिंक आया। जिसमें ऑनलाइन टास्क पूरा करने पर अच्छा मुनाफा बताया गया। जिसके बाद व्हाट्सअप पर लिंक आया। जिसके क्लिक करने के साथ वह एक ग्रुप से जुड़ गया। ग्रुप ने अच्छे मुनाफे के स्क्रीन शॉट डाले गए थे। जिस पर विश्वास करके उसने 15 हजार रुपये यूपीआईडी से डाल दिए। जिसके बाद उसने अलग-अलग आईडी में यूपीआई से दस हजार से लेकर 47 हजार 855 रुपये तक डाल दिए। जिसके चलते वह एक लाख 42 हजार 855 रुपये अलग-अलग आईडी में डाल चुका था। बावजूद इसके उसे कोई प्रोफिट नही दिया। उल्टे उस पर और राशि डालने के लिए दबाव बनाने लगे। जिसके बाद उसे धोखाधड़ी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने संजय की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**जींद।** मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लेकर आए परिजन।

# खेत मे बने वाटर स्टोरेज टैंक में डूबने से युवक की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव संगतपुरा खेत में बने वाटर स्टोरेज टैंक मे नहा रहे युवक की रविवार को मौत हो गई। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह मे रखवाया गया है। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव संगतपुरा निवासी अनुराग (22) रविवार को गांव में किसान के खेत में बने वाटर स्टोरेज टैंक में नहाने गया हुआ था। उसी दौरान वह टैंक में डूब गया। जब तक उसके साथियों द्वारा उसे बाहर निकाला जाता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सुचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बरवाला ब्रांच नहर में व्यक्ति डूबा, तलाश जारी

**जींद।** काकडौद के निकट रविवार दोपहर बाद बरवाला ब्रांच नहर में व्यक्ति डूब गया। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तलाशी अभियान चलाया लेकिन व्यक्ति का सुराग नही लगा। उचाना कलां निवासी कमल (55) रविवार को काकडौद के निकट बरवाला ब्रांच नहर पर नहाने गया था। नहर के तेज बहाव में बहता डूब गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश भी की लेकिन सफलता हाथ नही लगी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और गोताखोरों को नहर में उतार तलाशी अभियान चलाया है।

## डेढ़ साल से बंद नागरिक अस्पताल का ऑक्सीजन प्लांट

# अधिकारियों ने जांची ऑक्सीजन की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देश तथा प्रदेश में आ रहे कोराना के मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग भी लगातार अपनी तैयारियों में जुटा है। स्वास्थ्य महानिदेशक के आदेशों पर शनिवार को नागरिक अस्पताल में ऑक्सीजन व्यवस्था को लेकर अधिकारियों ने प्लांट, ऑक्सीजन प्रणाली व इमरजेंसी में ऑक्सीजन पहुंचाने की जानकारी हासिल की। हालांकि नई बिल्डिंग के सामने कोरोना काल के समय बनाया गया ऑक्सीजन प्लांट डेढ़ वर्ष से खराब है। जिसके चलते ऑक्सीजन सिलेंडरों व लिक्विड ऑक्सीजन टैंक से काम चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने ऑक्सीजन व्यवस्था को लेकर डिटेल रिपोर्ट महानिदेशक को भेज दी है। कोरोना के लगातार आ रहे मामलों को लेकर महानिदेशक द्वारा स्वास्थ्य अधिकारियों को लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। इन्हीं निर्देशों के तहत अस्पतला में ऑक्सीजन की क्रियशीलता को जांचने के लिए कहा गया था। आदेशों की पालना करते डिप्टी एमएस डा. राजेश के नेतृत्व में टीम ने वार्डो, ऑक्सीजन प्लांट व ऑक्सीजन प्वायंट का निरीक्षण किया उपकरणों की जांच की गई। इसके अलावा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए कर्मियों को दिशा-निर्देश दिए।



**जींद।** इमरजेंसी वार्ड में ऑक्सीजन व्यवस्था को जांचते अधिकारी।

### पौष्टिक खाना जरूरी : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि महानिदेशक के आदेशों पर ऑक्सीजन व्यवस्था को जांचा गया है। रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेज दी है। आमजन को चाहिए कि फिजिकल डिस्टेंसिंग, मास्क व इम्युनिटी बढ़ाने को लेकर पौष्टिक खाना खाएं। अस्पताल में भी फिजिकल डिस्टेंसिंग मेनटेन करवाई जा रही है। कोविड को लेकर नोडल अधिकारी डा. गौरव को नियुक्त किया गया है।

## खबर संक्षेप

### शिविर में पेंतीस यूनिट रक्तदान एकत्रित किया

जींद। भीष्म युवा परिवार समिति रोटी बैंक की तरफ से ब्राह्मण धर्मशाला उचाना द्वारा पांचवें रक्तदान शिविर का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के तौर पर कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष बलराम कटवाल पहुंचे। 35 यूनिट रक्तदान हुआ। कटवाल ने कहा कि रक्तदान जीवन में जरूर करना चाहिए। रक्तदान से शरीर स्वस्थ रहता है। हमारे द्वारा किया रक्तदान किसी की जान बचाने के काम आता है।

### नई कार्यकारिणी ने ली पद और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

जींद। मैढ़ क्षत्रिय सुनार धर्मशाला समिति रामराये की नई कार्यकारिणी ने रविवार को आयोजित कार्यक्रम में पद, गोपनीयता एवं कत्रव्यनिष्ठा की शपथ ली। हरियाणा के ऐतिहासिक एवं धार्मिक गांव रामराये स्थित सुनार धर्मशाला में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रियांशी के साथ बेटी डा. सिमरन सोनी ने संस्था के पदाधिकारियों एवं सक्रिय सदस्यों को शपथ दिला कर समाज में मिसाल पेश की।

### माता भ्रामरी धाम के लिए फ्री बस रवाना

जींद। गीता विद्या मंदिर उचाना मंडी के पास से माता भ्रामरी धाम के लिए बस रवाना हुई। हर महीने बनभौरी सेवा समिति द्वारा निरूशुल्क बस श्रद्धालुओं के लिए भेजी जाती है। विकास मखंड ने बताया कि 19वीं बार बस उचाना से माता भ्रामरी धाम के लिए गई है। इस बार समिति द्वारा 28 जून को माता का विशाला जागरण का आयोजन किया जा रहा है।

### तीसरे चरण में 129 बाल श्रमिकों का किया रेस्क्यू

जींद। जिले में कार्यरत गैर सरकारी संगठन एमडीडी ऑफ इंडिया एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन द्वारा संयुक्त रूप से संचालित परियोजना न्याय तक पहुंच के तीसरा चरण सराहनीय काम के लिए करनाल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस चरण के दौरान संगठन ने कई उपलब्धियां हासिल की। अब संगठन का चयन चौथे चरण के लिए भी हुआ है।

### गांव में खुली लाइब्रेरी बनी बेटियों के लिए बनी वरदान

जींद। दो साल पहले सुदकैन कलां गांव में कुविवि पूर्व छात्र एसो एवं स्वतंत्र समूह सेवा समिति द्वारा बेटियों के लिए कोचिंग को लेकर लाइब्रेरी खुली थी। गांव के साथ-साथ आसपास के गांव से भी बेटियां यहां प्रतियोगिकी परीक्षाओं की तैयारी करने आगे लगी। इससे पहले नरवाना या उचाना बेटियों को आना पड़ता था। लाइब्रेरी शुरू होने के बाद यहां प्रतियोगिकी परीक्षाओं की तैयारी करने आने वाली बेटियों में से हरियाणा, पंजाब पुलिस सहित अन्य में छह को नौकरी मिली है।

### सरकारी स्कूल का टूटा ताला, गैस सिलेंडर चोरी

जींद। गांव दालमवाला सरकारी स्कूल से बीती रात चोरों ने दो गैस सिलेंडर चोरी कर लिए। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दालमवाला सरकारी स्कूल की मुखिया अनिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने स्कूल कमरे का ताला तोड़ कर दो गैस सिलेंडर चोरी कर लिए। शिकायत के आधार पर सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ईस्माइलपुर में करवाया योग प्रोटोकॉल का अभ्यास

नरवाना। राजकीय माध्यमिक विद्यालय ईस्माइलपुर के बच्चों को योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण के तहत पीटीआई मनोज ने सूक्ष्म व्यायाम करवाए। योग सहायक अरविंद ने आगे के प्रोटोकॉल अनुसार योग का लाभ बताते आसनों का अभ्यास करवाया तथा क्रियाए प्राणायाम आदि का भी अभ्यास करवाया। विद्यालय के बच्चों ने अपने शरीर को स्वस्थ रखने व योग से जुड़े रहने के लिए संकल्प लिया।

### सरकार स्वावलंबी बनाने के लिए दे रही 3 लाख का ऋण

जींद। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही सरकार विधवा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए तीन लाख रुपये तक की ऋण योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत महिलाओं को व्यक्तिगत कारोबार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है।

## खाटू नरेश श्याम प्रभु के जयकारों से गूंजा जींद

# श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के समक्ष माथा टेक सभी की खुशहाली की मन्नतें मांगी

### हारे का सहारा, खाटू श्याम हमारा गीतों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पटियाला चौक स्थित जागरण ग्राऊंड में श्री श्याम मिलन सेवा समिति द्वारा चौथे श्री श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के समक्ष माथा टेका और मन्नतें मांगी। इस दौरान श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया और श्रद्धालुओं ने लंबी कतारों में लग लख दातार की जय, हारे के सहारे की जय और खाटू नरेश की जय जैसे नारों से जींद को गुंजायमान किया। खाटू श्याम के दर्शनों को लेकर श्रद्धालुओं के चेहरे पर भक्ति का गजब उत्साह देखते ही बन रहा था। श्याम महोत्सव में गायक सुमित सैनी, दिल्ली से रितिक गुप्ता, जींद से विनोद सैनी, बरेली से अर्पणा मिश्रा ने श्याम प्रभू खाटू वाले के भजनों की एक से बढ़ कर एक सुंदर प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। भजनों पर खूब झूमे श्याम भक्तः श्री श्याम महोत्सव में आए कलाकारों ने हारे का सहारा, खाटू श्याम हमारा, है श्याम प्रभू हमारा, खाटू की महिमा है न्यारी, बजाओ श्याम नाम की ताली भजन सुना कर श्याम भक्तों को झूमने पर मजबूर किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल, मेवों व दूध का भोग, चुनरी अर्पित कर प्रसाद दिया गया।



जींद। बाबा श्याम के दर्शनों को उमड़ी भीड़। फोटो :हरिभूमि



जींद। जागरण में बाबा श्याम का गुणगान सुनते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### भक्तों के लिए प्रसाद और लड्डू वितरित

श्री श्याम मिलन सेवा समिति सदस्य जोनी, प्रमोद अतुल गुंबर, विकास, हरीश खुराना ने बताया किश्री श्याम महोत्सव में आए श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इसका विशेष प्रबंध किया गया था। श्रद्धालुओं को प्रसाद, कढ़ी व चावल का प्रसाद व पंजीरी वितरित किए गए। इसके अलावा समाजसेवी संस्थाओं द्वारा जागरण में स्टॉल भी लगाए गए थे। जहां श्रद्धालुओं को मीठी कुल्फी, कढ़ी व चावल का प्रसाद वितरित किया गया। समिति के वालेटियंर्स श्याम महोत्सव के दौरान मुस्तैदी से तैनात रहे और जागरण में आए गणमान्य लोगों, श्रद्धालुओं का स्वागत व सतकार किया गया। सदस्य जोनी ने बताया कि जागरण में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के बेटे रूद्राक्ष मिड्ढा, रिद्धि-सिद्धि क्लब प्रधान सुभाष अनेजा, शहीदे आजम युवा क्लब प्रधान गुलशन सलूजा, समाजसेवी रमेश ढिल्लो, दिलबाग सिंह, वृंदा शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोगों ने मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत कर बाबा श्याम का आर्शीवाद प्राप्त किया। समिति द्वारा हर वर्ष श्री श्याम जागरण का आयोजन किया जाता है और इस बार उनका यह चौथा जागरण था। समिति जागरण के साथ-साथ अन्य सामाजिक कार्यों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेती है।

# यदुवंशी शिक्षा निकेतन बिबीपुर में ग्रीष्मकालीन कैंप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

यदुवंशी शिक्षा निकेतन बीबीपुर में 01 से 15 जून तक एक विशेष ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य छात्रों की गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक ज्ञानवर्धक, आनंददायक बनाना है। ये शिविर प्रातः 7:30 बजे से 12:00 बजे तक चलेगा। जिसमें कक्षा 3 से 12 तक के छात्र भाग ले सकते हैं। ये शिविर फ्री है और अन्य स्कूलों तथा अन्य शहरों से आए हुए विद्यार्थी भी भाग ले सकते हैं। विशेषकर वे छात्र जो गर्मी की छुट्टियों



में नानी या दादी के घर जींद या आसपास के गांवों में आए हैं। शिविर की मुख्य गतिविधियों में अंग्रेजी बोलने का प्रशिक्षण, गणित की उन्नत ट्रिक्स, विज्ञान, जीव विज्ञान और भौतिक विज्ञान का अभ्यास, संगीत और नृत्य, कला और शिल्प, इनडोर और आउटडोर खेल, शैक्षणिक गतिविधियां व ज्ञानवर्धक खेल रहेंगे। प्रधानाचार्य जतिन कथूरिया ने बताया कि ये शिविर बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सामाजिकता का अवसर देगा। हम चाहते हैं कि छात्र गर्मी की छुट्टियों को मोबाइल और टीवी से दूर रहकर अपने कौशल और व्यक्तित्व को निखारने में लगाएं। चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि यदुवंशी शिक्षा निकेतन का सदैव प्रयास रहा है कि बच्चों को सर्वांगीण विकास के अवसर प्रदान किए जाएं। यह समर कैंप बच्चों के लिए केवल अवकाश भर नही बल्कि जीवन कौशल सीखने का मंच है।



जुलाना। बुढाखेड़ा गांव में गोगा मंदिर में तपस्या पर बैठे रविनाथ। फोटो :हरिभूमि

### सुख-शांति के लिए तप रहे रविनाथ

जुलाना। जुलाना क्षेत्र के बुढ़ाखेड़ा गांव में स्थित गोगा मंदिर में साधु रविनाथ 41 दिन की पांच धुनों के बीच बैठ कर तपस्या कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में धाम के श्रद्धालु भी उनका पूरा सहयोग कर रहे हैं। रविनाथ ने कहा कि वो क्षेत्र की सुख शांति के लिए तपस्या कर रहे हैं। हर वर्ष की तरह वो अबकी बार भी 41 दिनों तक धुनों के बीच बैठ कर तपस्या कर रहे हैं। आदिकाल से ही सनातन धर्म में तपस्या का बड़ा महत्व बताया गया है। इस दुनिया में रहते हुए इंसान को अपने गृहस्थ जीवन को निभाना चाहिए। अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देना चाहिए। तपस्या करने से आत्मा को शांति मिलती है और मन चंचल नही रहता।तपस्या पूरी होने के बाद मंदिर में हवन किया जाएगा। रोजाना सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण तपस्था स्थल पर पहुंचते हैं।

### पंचायतीराज एसडीओ से उलझा सरपंच, केस दर्ज

जींद। अलेवा खंड एवं पचायत अधिकारी कार्यालय में एसडीओ के साथ गांव बधाना के सरपंच द्वारा गाली गलौज करने तथा दुव्यवहार करने का मामला सामने आया है। अलेवा थाना पुलिस ने एसडीओ की शिकायत पर सरपंच के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, गाली गलौज करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अलेवा पंचायती राज के एसडीओ राजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने कार्यालय में कामकाज को निपटा रहे थे। उस दौरान उनके पास गांव अलेवा का सरपंच तथा मनरेगा मेट बैठे हुए थे। उसी दौरान गांव बधाना के सरपंच राममेहर उनके कार्यालय में आए और उसके साथ गाली गलौज करने लगा। जब उसने रोकने की कोशिश की तो आरोपित अभद्र व्यवहार पर उतर आया। मौके पर बैठे लोगों बीच बचाव किया। आरोपित सरपंच धमकी देता हुआ कार्यालय चला गया।

### गोपाल स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित

जींद। गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में रविवार को अभिभावक शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों की अध्ययन उपलब्धि जानने के लिए विद्यालय शिक्षकों के साथ स्वस्थ वार्ता में भाग लिया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य अजय कौशिक ने जानकारी दी कि सभी विभागों के आंकड़ों के अनुसार लगभग 70 प्रतिशत अभिभावकों द्वारा इस बैठक में आकर अपने बच्चों की पठन पाठन संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि सभी शिक्षकों ने अभिभावक व छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा ग्रीष्मावकाश के बाद आगामी शिक्षण में अपेक्षित सुधार करने का आश्वासन भी दिया। अजय द्वारा अभिभावकों से विचार-विमर्श किया गया तथा उन्होंने अभिभावकों से विद्यालय में उत्तम शिक्षण के लिए सुझावों को स्वीकार किया गया। विद्यालय शिक्षकों ने कहा कि इस पीटीएम में अभिभावक व शिक्षकों में स्वस्थ वार्तालाप देखने को मिला। अभिभावकों ने भी छात्रों की रिपोर्ट जानकर छात्रों के प्रति अपनी भूमिका निभाने का आश्वासन दिया।



जींद। पीटीएम में भाग लेते अभिभावक व शिक्षक। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। भाग लेते प्रधानाचार्य। फोटो :हरिभूमि

### प्रधानाचार्य बलजीत ने सेमिनार में भाग लिया

नरवाना। सीआईआई;कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडियन इंडस्ट्री द्वारा आयोजित वार्षिक बिजनेस समिट. 2025 का आयोजन 29.30 मई को नई दिल्ली में होटल आईटीसी मौर्या में आयोजित ष्बिल्डिंग ट्रस्ट इंडिया फस्र्टष की थीम के साथ संपन्न हुआ। यह समिट उद्योगए नीति शिक्षा और सामाजिक नेतृत्व के क्षेत्र में कार्य कर रहे देश के शीर्ष व्यक्तित्वों को एक मंच पर लेकर आया। रेनेसां ऑफ़ एजुकेशन इन इंडिया पोस्ट नेशनल एजुकेशन पॉलिसी. .2020 विषय पर आयोजित हुआ अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि प्रतिष्ठित आयोजन में हरियाणा के राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि बेलरखा के प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने सहभागिता की इस सत्र मे नेशनल एजुकेशन पॉलिसी. 2020 के लागू होने के बाद भारत की शिक्षा प्रणाली में आ रहे मूलभूत बदलावों विद्यालयी शिक्षा में नवाचारों की भूमिका और शिक्षकों के दायित्वों पर विस्तृत चर्चा हुई नेशनल एजुकेशन पॉलिसी.2020 केवल एक नीति नहींए बल्कि शिक्षा क्षेत्र में नवजागरण की शुरुआत है।

### यात्री का फोन लौटकर दिया ईमानदारी का परिचय

जींद। हरियाणा रोडवेज के कर्मचारियों को जहां अब तक अपने रूखे व्यवहार के लिए जाना जाता रहा है वहीं रोडवेज के परिचालक संदीप व चालक दिलबाग लोधर ने हिसार निवासी सत्यवान यात्री का 27 हजार रुपये का फोन लौटाकर ईमानदारी की मिसाल कायम की है। गौरतलब है कि चंडीगढ़ से हिसार मार्ग पर उप केंद्र नरवाना डिपो की बस में यात्री सत्यवान नरवाना से हिसार के लिए सवार सवार हुआ। यात्री अपनी यात्रा समाप्त कर हिसार बस स्टैंड पर उतर गया। बस में यात्री का मोबाइल गिर गया। बस स्टैंड हिसार के अंदर चली गईए लेकिन बस में उनका मोबाइल फोन बस की सीट पर रह गया। इसके बाद परिचालक संदीप ने बस के निरीक्षण के दौरान सीट नंबर 24-25 पर मोबाइल मिला। जब यात्री को आभास हुआ कि उसके पास फोन नहीं है तो उसने अन्य यात्री का फोन लेकर अपने मोबाइल पर काल की। इसे रोडवेज कर्मियों ने उठाया और बताया कि आपका मोबाइल बस में सुरक्षित है। अपना मोबाइल फोन मिल जाने पर यात्री बहुत खुश है। वहीं चालक व परिचालक भी खुश है।



जींद। यात्री को मोबाइल लौटाते चालक व परिचालक। फोटो :हरिभूमि



जींद। डा. अंजू रानी को सेवानिवृति पर विदाई देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रो. डा. अंजुरानी सम्मानित

जींद। राजकीय महाविद्यालय सफीदों में सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संगीत विभागाध्यक्ष प्रो. डा. अंजुरानी शर्मा को उनके उत्कृष्ट शिक्षण कार्य, समर्पण और शैक्षिक योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। 30 वर्ष अध्यापन कार्य करने के पाश्चात उनकी शानदार एवं अनुकरणीय सेवानिवृत्ति हुई। इस दौरान उन्होंने सांस्कृतिक गतिविधियों में महाविद्यालय को आकाश की बुलंदियों तक पहुंचाया। गतवर्ष उनके निर्देशन में महाविद्यालय को अबतक के इतिहास में पहली बार ओवरआल ट्राफी मिली। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने स्वयं उन्हें मंच पर आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र भेंट किया और उनके शिक्षण क्षेत्र में निरंतर प्रयासों की सराहना की।



नरवाना। मस्ती करते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### समर कैंप का समापन

नरवाना। वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूल बसंत विहार में चल रहे समर कैंप का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह एक सप्ताह का विशेष कैंप सभी विद्यार्थियों के लिए पूरी तरह निशुल्क आयोजित किया गया थाए जिसका उद्देश्य बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को निखारना और उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना रहा। कैंप में विद्यार्थियों ने कराटे योगाभ्यास मेडिटेशनए स्टोरी टेलिंग मोबाइल एक्टिविटी द्वारा शिक्षा विदाउट फायर कुकिंग हैंडराइटिंग वर्कशॉप स्पोकन इंग्लिश क्लासेस डांस व कैलीग्राफी जैसी विविध गतिविधियों में भाग लिया। अंतिम दिन आयोजित की गई पूल पार्टी ने बच्चों के उत्साह को और भी बढ़ा दिया। डायरेक्टर प्रदीप नैन ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार आगे बढने के लिए प्रेरित किया।

# वन नेशन, वन इलेक्शन पर सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गुरु कृपा समिति के द्वारा रविवार को एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार का उद्देश्य ग्रामीण जनता को एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने की अवधारणा के बारे में जागरूक करना और इस विषय पर संवाद स्थापित करना था। सेमिनार में नरेंद्र नाथ शर्मा मुख्यअतिथि के रूप में पहुंचे। उनका स्वागत पटका पहना कर संस्था के सचिव संदीप सिंह के द्वारा किया गया। गांव व शहर के सामाजिक कार्यकर्ता, युवा वर्ग, महिला समूहों और आम नागरिकों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इसमें शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता



जींद। सेमिनार को संबोधित करते हुए नरेंद्रनाथ शर्मा। फोटो :हरिभूमि

नरेंद्र नाथ शर्मा ने वन नेशन, वन इलेक्शन के लाभों पर प्रकाश डाला। जैसे कि चुनावी खर्च में कमी, बार-बार आचार संहिता लागू होने से बचाव और सुचारु विकास कार्य। कार्यक्रम को संबोधित करते नरेंद्र नाथ शर्मा ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम हो सकता है। इससे देश की ऊर्जा व संसाधनों की बचत होगी। सेमिनार में इस व्यवस्था को लागू करने में आने वाली कानूनी, प्रशासनिक व तकनीकी चुनौतियों पर भी चर्चा हुई। ग्रामीणों ने इस विचार का समर्थन करते कहा कि इससे विकास कार्यों में तेजी आएगी और बार-बार के चुनावी माहौल से राहत मिलेगी। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने बताया कि जिले के अन्य गांवों में भी ऐसे ही जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



नरवाना। सेवानिवृति पर मौजूद स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

### अध्यापक महावीर प्रसाद का सेवानिवृत्त

नरवाना। राजकीय वमावि फरैण कलां में विज्ञान अध्यापक महावीर प्रसाद का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल प्रधानाचार्य राजबीर सिंह एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा महावीर प्रसाद उनकी पत्नी बबीता और अन्य परिजनों का फुल मालाओं से स्वागत किया। मंच संचालन काम अतुल वर्मा द्वारा बखुबी निभाया गया और बताया कि महावीर प्रसाद ने 32 वर्ष 10 महीने और 14 दिन अध्यापन कार्य किया जोकि बड़ी ईमानदारी एवं लगन के साथ किया। उनकी सेवानिवृत्ति कार्यक्रम पर स्टाफ द्वारा विभिन्न तोहफो से नवाजा गया और स्कूल में उनकी कक्षा के बच्चों ने पीने के पानी का आ रो सिस्टम भेंट स्वरूप दिया गया। परिवार के सदस्यों के स्कूल स्टाफ के सदस्य आसिमा गोयल, सुखबीर, प्रदीप शर्मा, डॉ पुन्य सुभाष चन्द्रए सुनीता आदि मौजूद रहे।

## हरियाली और सौंदर्यीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदमः डॉ. सैनी

# बारह लाख से बने अपना पार्क का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर में इन दिनों एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है और यह बदलाव पार्कों के नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण के रूप में सामने आया है। इस पर वार्ड 20 से नगर पार्षद महावीर रेढू ने बताया कि इस परिवर्तन का श्रेय जाता है नगर परिषद जींद की चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी और उनके प्रतिनिधि डा. राज सैनी को है। जिन्होंने अपनी पहल से जींद के पार्कों की दशा और दिशा को बेहतर बनाया है। पार्कों का नवीनीकरण केवल उनके बाहरी रूप को सुंदर बनाने तक सीमित नहीं था बल्कि इसके साथ ही वहां बेहतर सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं। वार्ड 20 में अपना पार्क के निर्माण कार्य का उद्घाटन करने पहुंचे नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डा. राज सैनी ने बताया कि अब जींद के पार्कों में साफ.-सुथरे रास्ते, बेंच, खेल के मैदान, ओपन जिम, पगडंडी और टॉयलेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। जो इन पार्कों को न केवल आकर्षक बनाती हैं बल्कि उपयोगकर्ताओं के लिए आरामदायक और सुविधाजनक भी बनाती हैं। इस बदलाव का असर न केवल जींद शहर के निवासियों पर पड़ा है बल्कि यह शहर की छवि को भी बेहतर बना रहा है। नप अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी की इस पहल ने यह साबित कर दिया है कि यदि प्रशासन और नागरिक मिलकर काम करें तो किसी भी शहर को एक आदर्श और सुंदर स्थान बनाया जा सकता है। डा. राज सैनी ने बताया कि अपना पार्क के निर्माण कार्य में नगर परिषद जींद की तरफ से 12 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य होगा। नगर पार्षद महावीर रेढू ने बताया कि नप अध्यक्षा ने रजिस्टर्ड संस्थाओं को पार्कों का रखरखाव सौंपा गया है। इस पहल से न केवल पार्कों की गुणवत्ता में सुधार हुआ है बल्कि स्थानीय समुदाय को भी इसमें शामिल किया गया है।



जींद। पार्क का उद्घाटन करते नप अध्यक्षा प्रतिनिधि डा. राज सैनी।

### ये रहे मौजूद

हरीश कौशिक, नगर पार्षद सतीश हरियाणवी, सतपाल कुंडू, डा. बलबीर श्योराण, संजय कुमार, सुनील कुमार, विक्की, प्रदीप सिंगरोहा, बीएस मालिक, आईडी कौशिक, राममेहर सैनी, हरबीर मोरखी और अनेकों महिलाओं के साथ वार्ड वासी मौजूद रहे।



जींद। नवनियुक्त अध्यक्ष संजय गर्ग का स्वागत करते पदाधिकारी।

### संजय गर्ग निर्विरोध प्रधान चुने

जींद। लायंस क्लब जींद इंटरनेशनल की बैठक में सर्वसम्मति से संजय गर्ग को वर्ष 2025.26 के लिए क्लब का प्रधान निर्विरोध चुना गया। बैठक की अध्यक्षता क्लब के संरक्षक डा. राजेन्द्र गुप्ता ने की। उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से संजय गर्ग के नाम का समर्थन किया और उन्हें फूल मालाएं पहना कर मिठाई खिलाकर बधाई दी। डायरेक्टर राकेश सिंगल, पूर्व प्रधान राजेश ग्रोवर, विजेंद्र गर्ग, राजन जैन, संजीव रोहिल्ला, धीरज, गणपत राय, सरदार गुरजिंदर सिंह, मोहित मित्तल, मनीष सिंगला सहित क्लब के अनेक सदस्य मौजूद रहे। पूर्व पदाधिकारियों ने अपने अनुभव सांझा करते हुए नए प्रधान से क्लब को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की उम्मीद जताई। नवनिर्वाचित प्रधान संजय गर्ग ने कहा कि वे सभी सदस्यों के सहयोग से क्लब को सामाजिक सेवा में अग्रणी बनाएंगे और समाज के हर वर्ग के लिए कार्य करेंगे।

## खबर संक्षेप



### नगर पालिका परिसर में निःशुल्क पंजीकरण शिविर

**कलायत।** कलायत नगर पालिका परिसर में अशोक लेलैंड ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, गढ़ी पाडला द्वारा निःशुल्क पंजीकरण शिविर लगाया गया। शिविर में हैवी मोटर व्हीकल लाइसेंस बनवाने के इच्छुकों का पंजीकरण किया गया। इसमें 60 पंजीकरण करवाया। संस्थान के प्रतिनिधियों ने बताया कि आयोजन का लक्ष्य युवाओं को कुशल ड्राइविंग का प्रशिक्षण देना है। पंजीकृत युवाओं को जल्द प्रशिक्षण के लिए बुलाया जाएगा।

### गांव बालू में धन्ना भगत जयंती मनाई

**कलायत।** कलायत के आदर्श गांव बालू में धन्ना भगत जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। इसकी



शुरूआत हवन से हुई। इस उपलक्ष्य में भंडारे का भी आयोजन हुआ। समाज सेवी गुरुदेव सिंह ने बताया की सुबह से ही बालू खाप के सभी गांवों से बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में पहुंचना शुरू हो गए थे। परंपरा अनुसार भारी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने सामूहिक तौर पर धन्ना भगत की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार का आह्वान कियाव। संपूर्ण बालू खाप के सहयोग से तीन वर्ष पूर्व भगत धन्ना जाट के मंदिर की स्थापना की गई थी।



### पदोन्नति पर बलबीर सिंह कश्यप को किया सम्मानित

**राजौंद।** खंड संसाधन संयोजक कम खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर सिंह कश्यप का हुआ प्रमोशन। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के स्टाफ सदस्यों व खंड के अध्यापकों ने राजौंद खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से उन्हें विदाई दी। खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप ने बताया कि उन्होंने राजौंद में लगभग 2 साल तक कार्य किया राजौंद ब्लॉक के सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के स्टाफ सदस्यों राजौंद ब्लॉक की जनता का उन्हें भरपूर सहयोग व प्यार मिला जिसे वह कभी भूला नहीं पाएंगे। उन्होंने बताया कि अब वह गुहला में खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं देंगे।

### संगठित अग्रवाल समाज बन रहा प्रेरणा स्रोत : पंकज

**पूंडरी।** आज का अग्रवाल समाज केवल व्यापार और आर्थिक क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक मूल्यों और सेवा भावना में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह बात जिले के प्रमुख राइस ब्रोकर एवं कई धार्मिक संस्थाओं



से जुड़े हुए समाजसेवी पंकज मित्तल ने बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से समाज के सभी वर्ग बुजुर्ग, युवा और महिलाएं मिलकर सामाजिक कार्यों में बढ़-चढकर हिस्सा ले रहे हैं, वह अत्यंत सराहनीय है।

### अव्वल विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**कलायत।** गांव शिमला स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में दसवीं व बारहवीं कक्षा के सभी 36 मेरिट प्राप्त विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य रश्मि भारद्वाज की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक, अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद रहे। भारद्वाज ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के होनहार बच्चों ने राजनीति विज्ञान, संस्कृत, शारीरिक शिक्षा व एएफडी विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

नपा ने कार्य के लिए एक निजी एजेंसी को पारदर्शी ढंग से टेंडर के जरिये कार्य की जिम्मेदारी दी

# कलायत शहर में वार्ड एक से स्ट्रीट लाइट रोशन करने और रिपेयर का कार्य शुरू

धरातल पर लगातार नजर रखने की ड्यूटी नगर पालिका बिजली विंग प्रभारी सचिन कौशिक की है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



**कैथल ।** कलायत के वार्ड एक में स्ट्रीट लाइट को बहाल करने में लगे निजी एजेंसी कर्मी दलबीर राणा फोटो : हरिभूमि

कलायत शहर की सडकों व मुख्य गलियों में स्ट्रीट लाइटों को निरंतर रोशन रखने को नगर पालिका के अधीन निजी एजेंसी ने अलाट टेंडर अनुसार अपना कार्य रविवार को वार्ड एक से शुरू कर दिया। स्ट्रीट लाइटों के बेहतर ढंग से रखरखाव और रात के समय शहर को रोशन रखने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। नगर पालिका द्वारा इस कार्य के लिए एक निजी एजेंसी को पारदर्शी ढंग से टेंडर के जरिये कार्य की जिम्मेदारी दी। एजेंसी की टीम शहर में स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, देखरेख और संचालन का कार्य करेगी। धरातल पर लगातार नजर रखने की ड्यूटी नगर पालिका बिजली विंग प्रभारी सचिन कौशिक की है। उनके साथ फिल्ड में बिजली व्यवस्था की देखरेख के लिए दलबीर राणा सक्रिय हैं। शहर के लोगों का कहना है कि काफी समय से शहर भर में स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी थीं। इससे स्ट्रीट लाइटों का लाभ शहर को समुचित रूप से नहीं मिल पा रहा था। खासकर महिलाएं, बुजुर्ग और स्कूली विद्यार्थी असुरक्षित महसूस कर रहे थे। इसे देखते हुए शासन-प्रशासन ने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को मजबूत रखने का निर्णय लिया है। वर्ष 2017-2018 में वर्ष शहर के मुख्य मार्गों व गलियों में बड़े बजट से स्ट्रीट लाइट योजना को हरी झंडी मिली थी।

इस योजना का लक्ष्य शहर को रात्रि के समय पूरी तरह रोशन रखने का रहा है। इससे सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलती है। इस कड़ी में नगर पालिका कार्यकारिणी के पिछले कार्यकाल में चंडीगढ़-हिसार मार्ग के कैथल-नरवाना रोड, रामगढ़ रोड और मटौर रोड पर भी नेशनल हाईवे विभाग द्वारा मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाई गई। इसका लोकार्पण तत्कालीन राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने किया था। नगर पालिका अभियंता राजेश प्रजापति और कनिष्ठ अभियंता संजीव धीमान ने बताया कि निजी एजेंसी शहर में बंद पड़ी लाइटों को ठीक करेगी। जो लाइटें रोशन होने की स्थिति में नहीं हैं उन्हें बदला जाएगा। नियमित रूप से इनकी निगरानी भी करेगी। शिकायत मिलते ही कर्मी मौके पर पहुंचेंगे और निपटान किया जाएगा।

#### शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर रहेगा चस्पा: रेणू

वार्ड एक पार्षद रेणू धानियां ने बताया कि लाइटों को सुचारु रूप से जलता रखने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा। इसके जरिये नागरिक किसी भी खराब लाइट की सूचना देने के लिए इस्तेमाल कर सकेंगे। यह हेल्पलाइन नंबर सार्वजनिक स्थलों और प्रमुख चौक-चौराहों पर चस्पा रहेंगे। इन नंबरों पर नागरिक बिजली संबंधित शिकायत दर्ज करवा सकेंगे। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंचेगी और समस्या का निवारण होगा।



**कैथल ।** सेमीनार में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य

## देश में नवफासीवादी रुझान देखने को मिल रहे : सत्यपाल सिवाच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नागरिक अधिकार मंच कैथल द्वारा मौजूदा दौर और फासीवाद विषय पर नागरिक अधिकार मंच की ओर से सैनी धर्मशाला अमर गढ़ गामड़ी में एक सेमिनार का आयोजन किया गया ।जिसकी अध्यक्षता मंच के संयोजक सतपाल आनन्द ने की व मंच संचालन जय प्रकाश ने किया ।जिसके मुख्य वक्ता के तौर पर मास्टर सत्यपाल सिवाच ने बात रखते हुए बताया कि पूरी पूंजीवादी व्यवस्था मंदी के दौर से गुजर रही है। लोगों की खरीद शक्ति घटने के कारण पूंजिपतियों द्वारा तैयार माल बिक नहीं रहा है। जिस की वजह से देश में नवफासीवादी रुझान देखने को मिल रहे हैं। लोगों के अधिकारों को कुचला जा रहा है। नीतियों की आलोचना करने वालों को देशविरोधी तक बताया जा रहा है। सभी एजेंसीयों का दुरपयोग करके आलोचना करने वालों को चुप कराने की कोशिश की जा रही है ।प्रथम विश्व युद्ध के बाद से ही फासीवादी ताकतों का प्रभाव बढ़ने लगा। विश्व लगभग दो खेमों में विभाजित हो गया था । जर्मनी ने पूरे यूरोप पर कब्जा करने के लिए द्वितीय विश्वयुद्ध की शुरूआत की । यूरोप के कई देशों पर कब्जा करने के बाद सोवियत संघ पर जर्मनी ने हमला कर दिया ।लेकिन रूस ने पांच साल से लंबे चले युद्ध में जर्मनी को पराजित कर दिया । इसी के साथ अमेरिका ,इंग्लैंड और फ्रांस के खेमे ने भी विश्व युद्ध में भाग लिया । इस युद्ध में नाजीवादी व फासीवादी ताकतों की हार हुई। आज के दौर में नव फासीवाद का प्रभाव पूरे विश्व पर पड़ा है ।पूँजी का पूर्ण रूप से वैश्वीकरण किया जा रहा है । मजदूरों का वैश्वीकरण नहीं किया जा रहा है । आजदेश में डॉलर अरबपतियों की संख्या बढ़कर 271 हो गई है । देश आर्थिक मंदी का शिकार हो रहा है लेकिन पूँजीपतियों की संपति दिन प्रति दिन बढ़ रही है।

## भाविप ने आगामी वर्ष की योजनाओं पर किया मंथन

- कार्यों को सुव्यवस्थित रूप से क्रियान्वित करने हेतु सदस्यों को पांच समूहों में बांटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



**कैथल ।** बैठक में विचार विमर्श करते भाविप नेता व सदस्य फोटो : हरिभूमि

भारत विकास परिषद शाखा चीका की आम सभा का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला में अध्यक्ष प्रेम सिंह पूनिया की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में आगामी वर्ष की योजनाओं को लेकर व्यापक चर्चा हुई तथा सभी सदस्यों को उनके प्रकल्पों के अनुसार विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

परिषद के कार्यों को सुव्यवस्थित रूप से क्रियान्वित करने हेतु सदस्यों को पांच समूहों में बांटा गया। प्रत्येक समूह में एक संयोजक नियुक्त किया गया तथा अन्य सदस्यों को भी उसमें सम्मिलित किया गया। सभी प्रकल्पों के कार्यों के लिए प्रभारी और सहप्रभारी भी तय किए गए, जिन्हें अपनी-अपनी जिम्मेदारियों से अवगत करवाया गया।

शाखा संरक्षक डॉ. विनोद गुप्ता ने बताया कि आगामी वर्ष में परिषद किस प्रकार कार्य करेगी और प्रत्येक सदस्य व संयोजक की भूमिका क्या रहेगी। उन्होंने कार्यों की प्रभावी क्रियान्वत के लिए सभी से सुझाव आमंत्रित किए, और भरोसा दिलाया कि उपयोगी सुझावों को आगामी कार्यक्रमों में शामिल किया जाएगा। इस बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि आगामी दो महीनों में पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण संबंधी गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। इनमें पौधारोपण, पॉलिथीन उन्मूलन और जनजागरूकता अभियान शामिल होंगे। पर्यावरण प्रकल्प की जिम्मेदारी राकेश जी को सौंपी गई, जबकि पॉलिथीन रोकथाम अभियान की कमान डॉ. मनोज गांधी व उनकी टीम को दी गई। बैठक में कैथल जिले के संयोजक कृष्ण कौशिक और धर्मपाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने चीका शाखा के कार्यों की सराहना करते हुए इन्हें अन्य शाखाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया और इन प्रयासों को निरंतर बनाए रखने की बात कही।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर शाखा के सचिव मुरारी लाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष रविंदर गर्ग, विभिन्न प्रकल्पों के संयोजक एवं अधिकांश सदस्य उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइन में किया गया योगाभ्यास

- योगाभ्यास में पुलिस कर्मचारी और अधिकारियों मौजूद रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** पुलिस लाइन में योगासन करते कर्मचारी फोटो : हरिभूमि

रविवार की सुबह हरियाणा पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार पुलिस लाइन कैथल में एसपी आस्था मोदी के मार्गदर्शन में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। करीब एक घंटे तक चले इस योग आयोजन की विभिन्न क्रियाओं को आयुष विभाग कैथल से योगा स्पेशलिस्ट होशियार सिंह हुड्डा, संदीप तंवर, नरेश ढुल, करनैल ढुल, संजु आर्या व कनीका की टीम द्वारा स्वयं योग करते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान डीएसपी बीर भान, डीएसपी कुलदीप बेनीवाल, डीएसपी ललित कुमार, एलओ इंस्पेक्टर रविंद्र, सीडीआई एएसआई अजय, ओएएसआई प्रवेश सहित अन्य पुलिस कर्मचारी व अधिकारी मौजुद रहे। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने कहा कि योग से सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी स्वस्थ रहेंगे। पुलिस द्वारा यह कदम पुलिस कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए उठाया गया है ताकि पुलिस कर्मचारी शारीरिक व्यायाम करके स्वस्थ रहे सकें तथा स्वस्थ रहकर जनता की सेवा कर सकें। एसपी ने कहा कि योग एवं प्राणायाम को अपनी दिनचर्या में नियमित रूप से शामिल करके सभी अपने दिन की शुरूआत सकारात्मकता के साथ करते हुए स्वास्थ्य लाभ उठा सकते हैं। योग से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त होता है। प्रवक्ता ने बताया कि इस योग शिविर में पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हृदय पूर्ण रूचि दिखाई।




**कैथल।** शिविर में मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए शाखा

## एस हाई स्कूल पूंडरी में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद फतेहपुर-पूंडरी शाखा की तरफ से रविवार को एएस हाई स्कूल पूंडरी में पारस अस्पताल पंचकुला के सहयोग से एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि एएस हाई स्कूल के मैनेजर विवेक बंसल ने दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम से की। शिविर में किडनी, हृदय, हड्डी व आंतरिक रोगों से संबंधित विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने 115 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में मरीजों के बीपी, शुगर, ऑक्सीजन स्तर व बोन डेंसिटी की जांच की गई। पंचकुला से आए विशेषज्ञों में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. करण डांग, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. शिल्पा बंसल, ऑर्थोपेडिक डॉ. रवि गुप्ता, इंटरनल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. विकल्प और बीडी मैनेजर श्री गौरव राणा शामिल रहे। कार्यक्रम संयोजक नवीन टाया, राहुल वालिया और राकेश अग्रवाल ने आयोजन की रूपरेखा संभाली। शिविर में शाखा सहायक संरक्षक विनोद बंसल, अध्यक्ष परवीन मित्तल, सचिव विकास कुमार, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, महिला सहभागिता प्रमुख निधि मोहन सहित डॉ. मनीषा मंगल, डॉ. दवेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।



## ईंट भट्ठों पर कार्यरत श्रमिकों की पहचान सुनिश्चित करने में जुटी पुलिस

**कलायत।** कलायत क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और सुरक्षा की दृष्टि से संदिग्ध गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस विशेष अभियान चलाए है। इसके तहत जिला पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के निर्देश पर थाना प्रभारी रामनिवास शर्मा पुलिस टीम के साथ ईंट भट्ठों पर कार्यरत श्रमिकों की पहचान सुनिश्चित करने में लगे हैं। थाना प्रबंधक ने बताया कि कलायत क्षेत्र में काफी संख्या में ईंट भटठों संचालित हो रहे हैं। इन पर बड़ी संख्या में बाहरी राज्यों से आए श्रमिक कार्य करते हैं। इस आड़ में कोई अशांति फैलाने के मकसद से पराश्रय न ले पाए इसके लिए पुलिस द्वारा श्रमिकों और प्रवासियों के दस्तावेज जांचे जा रहे हैं। यदि कहीं पृष्ठभूमि का कोई रिकॉर्ड स्थानीय स्तर पर उपलब्ध न हो तो इसे सुरक्षा के लिहाज से गंभीर माना जाता है। थाना प्रबंधक की टीम ने अब तक कई भट्ठों का दौरा कर वहां कार्यरत श्रमिकों के पहचान पत्र, निवास प्रमाण और अन्य संबंधित जानकारी इकट्ठा की है। साथ ही भट्ठा मालिकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी श्रमिकों का पूरा रिकॉर्ड रखें और इसे पुलिस के साथ साझा करें। इस अभियान का उद्देश्य अवैध गतिविधियों में संलिप्त तत्वों की पहचान करना है।

## मनुष्य वेद के अनुसार चलेगा और ऋषियों के ग्रंथ को पढ़ेगा तो उसका जीवन होगा शुद्धः अमित आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



**कैथल ।** बसंती माता मंदिर चीका परिसर में आयोजित साप्ताहिक वैदिक हवन यज्ञ आहुति डालते हुए साधक।

अखाड़ा बसंती माता मंदिर चीका परिसर में आर्य सभा व पतजंलि समिति द्वारा सार्वजनिक रूप से आयोजित साप्ताहिक वैदिक हवन यज्ञ किया गया। हवन से पहले सरहद पर सर्वस्व न्योछावर करने वाले भारत माता के वीर सपूतों की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। अमर शहीदों को शत-शत नमन किया गया। आर्य समाज सभा चीका के संस्थापक एवं भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष अमित जिंदल आर्य की अध्यक्षता में हवन किया गया। हवन में यजमान अखाड़ा संचालक पहलवान सुखदेव सिंह रहे। अमित आर्य ने कहा कि यम और नियम का पालन किये बिना ईश्वर और धर्म को जानना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि ईश्वर को जानो फिर मानो पर विशेष बल दिया। धर्म क्या है और इसे क्यों मानना चाहिए, इस पर भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि वेद में ईश्वर के सही स्वरूप और धर्म के बारे में विस्तार से बताया गया है। मनुष्य को प्रत्येक दिन स्वयं का निरीक्षण करने और धर्म के पालन करने की आवश्यकता पर बल दिया. कहा कि जो यम नियम का पालन करता है, ईश्वर उसे साथ देते हैं। मन, वचन और कर्म से किसी के बारे में गलत नहीं सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईश्वर नित्य, पवित्र और सृष्टि कर्ता हैं. उनका ज्ञान शुद्ध है. परमात्मा न बुरा करते हैं और न करने की सलाह देते हैं। जिंदल ने कहा कि मनुष्य धर्म के वास्तविक स्वरूप को समझ लेगा, तो उसका जीवन सफल हो जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विक्की आर्य, सत्यवीर शास्त्री, रामफल आर्य, कृष्ण गर्ग, राहुल आर्य, शुभम आर्य, अभि कुमार भी मौजूद रहे।



## नियमबद्ध जीवन ही संपन्नता की कुंजीः भारती

**कैथल।** दिव्या ज्योति जागृती संस्थान कैथल आश्रम में गुरुदेव सर्व श्री आशुतोष महाराज की साध्वी शिष्याओं द्वारा प्रवचनों एवं भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया जिसके तहत साध्वी देवा भारती ने बताया कि आधुनिक जीवन शैली में अकसरा देखा जाता है कि लोग नियमों में बंदना स्वीकार नहीं करते चाहे वह नियम उनके व्यावसायिक सामाजिक जहां तक की व्यक्तिगत ही क्यों न हो परंतु व वास्तविकता में एक नियमबद्ध जीवन ही संपन्नता की कुंजी होता है। एक समाज का निर्माण भी नियमों के पालन से ही पूरा होता है यदि हम बात करें गुरु शिष्य के सर्वोत्तम संबंध की तो यहां भी नियमों का विशिष्ट स्थान है। गुरुदेव की आज्ञा शिष्य के लिए नियम समान होती है हालांकि यह आज्ञा नियम कठोर आवश्यक लगते हैं पर यह सर्वविदित है जो नदी स्वयं को बांध के समक्ष समर्पित कर देती है। वही संयमित होकर विद्युत उत्पन्न करने में सक्षम हो पाती है लाखों करोड़ों के जीवन को रोशन कर देती है। ठीक उसी प्रकार जब एक शिष्य गुरु के बांध में बंध जाता है उसका शिष्यतव तो उत्कृष्ट को प्राप्त होता ही है साथ ही वह अपने श्रेष्ठ आचरण से विश्व पटल पर ऐसी अनूठी शॉप छोड़ता है कि आने वाली पीढ़ियां के लिए प्रेरणा स्रोत बन जाते हैं। गुरु आज्ञा का अर्थ केवल एक आदेश या निर्देश भर नहीं होता — यह एक आध्यात्मिक पथदर्शक सिद्धांत होता है, जो शिष्य के जीवन को पूर्ण रूप से रूपांतरित कर सकता है। गुरु अपने दिव्य दृष्टि से जानता है कि कौन-सा मार्ग शिष्य के लिए उपयुक्त है।

**सम्मान** शहीद भगत सिंह युवा क्लब द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम

# कलायत के गांव खरक पांडवा में होनहार विद्यार्थियों को मेडल और नकद इनाम देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



**कैथल ।** कलायत के सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों को सम्मानित करते शहीद भगत सिंह युवा क्लब सदस्य एवं अध्यापक

कलायत के गांव खरक पांडवा में शहीद भगत सिंह युवा क्लब की तरफ से बोर्ड कक्षा दसवीं और बारहवीं में मेरिट हासिल करते हुए परीक्षा पास करने वाले होनहारों को पलकों पर बैठाया गया। छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान नकद पुरस्कार और मेडल भेंट किए गए। इस खास पल के साक्षी सरपंच, ग्राम पंचायत सदस्य और गणमान्य लोग बनें। इसमें सरपंच प्रतिनिधि सुरेश सहारण, अशोक संधू, मनदीप सहारण, सुनील कुमार, सुरेंद्र ठेकेदार, गुरनाम सहारण, बलिंद्र खरक, पोली सहारण व बिन्द्र सहारण शामिल रहे। हर किसी ने उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। शिक्षा और सफलता के प्रति प्रेरित करने का यह कार्यक्रम शहीद भगत सिंह खेल क्लब के संयोजन से चला। क्लब ने घोषणा की कि हर साल खेल और शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को इसी तरह सम्मानित किया जाएगा। कमेटी प्रबंधक अशोक कुमार ने कहा कि बच्चों को शिक्षा और नैतिक ज्ञान देना जरूरी है। ऐसा माहौल पैदा करने की जिम्मेवारी खास तौर से समाज पर रहती है। इसलिए उन्होंने ऐसा कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया जिससे विद्यार्थियों का उत्साह बढ़े। गांव खरक पांडवा उच्च विद्यालय प्रभारी विनोद कुंडू ने आयोजन में पहुंचने वालों का आभार व्यक्त किया।

# कपास में गुलाबी सुंडी की निगरानी के लिए फैरामोन ट्रैप लगाने की सिफारिश

■ विकसित कृषि संकल्प अभियान का चौथा दिन किसानों ने सुझाए उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत रविवार को कृषि वैज्ञानिकों ने विभिन्न गांवों में जाकर कृषि की आधुनिक तकनीकों के बारे में किसानों को जागरूक किया। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिडारा के प्रभारी डा. रामकरण गौड ने बताया कि कपास में गुलाबी सुंडी का नियंत्रण करना बहुत जरूरी है। सबसे पहले किसानों को यह पता होना चाहिए की गुलाबी सुंडी का प्रकोप उसके खेत में है या नहीं, तभी जाकर सुंडी को काबू में किया जा सकता है। इसके लिए किसानों को अपने खेत में फैरामोन ट्रैप, दो ट्रैप प्रति एकड़ के हिसाब से लगाने चाहिए और उनमें तीन दिन और रात को गुलाबी सुंडी का वयस्क चैक करना चाहिए कि कितने प्रोड प्रति रात उसके अंदर ट्रैप हुए हैं। अगर प्रति रात छह से आठ प्रौड ट्रैप होते हैं तो हमारे को सुंडी के नियंत्रण के लिए कदम उठाना पड़ेगा।



जींद। किसानों को ड्रोन से स्प्रे करने की विधि बतलाते कृषि विज्ञानी।

इस दौरान मृदा वैज्ञानिक डा. धीरज पंघाल, इंजी रवि, पशु चिकित्सक डॉ राबिन, बागवानी से जितेंद्र, मत्स्य से मुस्कान ने अपने विभागों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। इफको के नरेश द्वारा गांव मोरखी किसानों को ड्रोन से स्प्रे का प्रदर्शन करके दिखाया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र पांडु पिंडारा के विस्तार शिक्षा विशेषज्ञ डा. पवन तथा डा. प्रीति मलिक, राष्ट्रीय पशु अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो डा. आरएस कटारिया, राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल से डा. अजमेर सिंह कुंडू, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान करनाल से डा. मनोज कुमार यादव, एटीएम रविंद्र की टीम ने गांव भड़ताना, लुदाना एवं भंभेवा गांवों मे किसानों को विविध विषयों पर जानकारी देकर जागरूक किया।

### विकसित टेक्नोलॉजी के साथ चलें किसान

इसके लिए हम बिजाई से 0 से 60 दिन तक नीम बेस्ड प्रोडक्ट जैसे की नीमबीसीडीन या नीम सीडकर्नल एक्सट्रैक्ट का स्प्रे करना चाहिए। किसानों को विकसित टेक्नोलॉजी के साथ चलना पड़ेगा। आजकल हर किसान भाई के पास मोबाइल फोन होता है वह उसमें अपने फसल की फोटो उतार कर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के व्हाट्सएप पर भी भेज सकते हैं और अपनी समस्या के बारे में पूछ सकते हैं। गांव झील, बडनपुर व सुंदरपुरा में डा. सुरेंद्र मित्तल ने कृषि विज्ञान केंद्रों व वहां पर प्रदान की जाने वाली जानकारियों के बारे में बताया। डा. राजेश ने मौसम से जुडी जानकारी प्रदान की। पशु चिकित्सक डा. नवीन ने पशुओं के रखरखाव की जानकारी दी। कृषि विशेषज्ञ डा. केशव ने फसल चक्र की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस दौरान यहां पर झील गांव के सरपंच प्रतिनिधि शमशेर, बडनपुर गांव के सरपंच प्रतिनिधि गगनदीप, सुन्दरपुर गांव के सरपंच प्रतिनिधि लखविन्द्र भी मौजूद रहे।

### खरपतवार नियंत्रण पर जोर दिया

वैज्ञानिक डा. संदीप सिहाग ने बताया कि धान उगाने की नई तकनीकों व उसमें खरपतवार नियंत्रण व होने वाली बीमारियों के प्रबंधन पर जोर दिया। राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल के वैज्ञानिक डा. मगन सिंह ने विभिन्न प्रकार के चारे व खनिज पदार्थ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह पशुओं को खिलाया जाने वाला भोजन है। पशुओं के स्वस्थ रहने और उत्पादकता के लिए चारे व खनिज पदार्थ आवश्यक है। चारा फसलों से पशुओं को पोषक तत्व मिलते हैं, जिससे दूध और मांस का उत्पादन बढ़ता है। डा. पी बरनवाल ने पशुओं की देखभाल तथा दुग्ध उत्पादन बढाने बारे जानकारी दी।

## 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने के लिए जिलावासी करें ऑनलाइन पंजीकरण

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि आगामी 21 जून को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला में योग प्रोटोकॉल की पालना करते हुए गरिमामयी ढंग से मनाया जाएगा। इस अवसर पर अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आयुष विभाग ने विशेष ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल और टोल फ्री नंबर जारी किया है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी योग दिवस पर लोगों की अभूतपूर्व भागीदारी रहेगी और जन.जन तक योग का संदेश पहुंचेगा। डीसी ने बताया कि आयुष विभाग ने डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट इंटरनेशनल योगा डे एचआरवाय डॉट इन विशेष पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप



### दस दिवसीय एनसीसी कैम्प का शुभारंभ

जींद। एनसीसी 15वीं हरियाणा बटालियन के द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय में 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ रविवार को हुआ। कैंप में 18 शैक्षणिक संस्थाओं के लगभग 500 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं। यह 10 दिवसीय कैंप डे नाइट कैंप होगा। कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षणए ड्रिल, मैप रीडिंग, राइफल प्रशिक्षण, सांस्कृतिक प्रतियोगिता और फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा सामुदायिक सेवा और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

### नगूरां एसडीओ कार्यालय में बिजली अदालत तीन को

जींद। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा तीन जून को नगूरां के एसडीओ कार्यालय में बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा। निगम के अधीक्षक अभियंता मदन लाल सुखीजा ने बताया कि बिजली अदालत में बिजली बिलों व मीटर संबंधित शिकायतों को सुना जाएगा। एसई ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली विभाग द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंम्भ किए गए हैं।

### 25 युवाओं ने किया स्वेच्छा से रक्तदान

जींद। गांव पड़ाना के जोतराम मंदिर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 25 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। नागरिक अस्पताल जींद की ब्लड बैंक टीम ने रक्त संग्रहण किया। शिविर का शुभारंभ लीलाराम भगत ने स्वयं रक्तदान करके किया। सुभाष ढिगाना ने रक्तदान शिविर की अध्यक्षता कर रक्तदाताओं को बैज लगाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि गर्मी में ब्लड बैंक में खून की ज्यादा खपत होने सेअधिक रक्तदान शिविर लगाने की आवश्यकता है ताकि किसी भी जरूरतमंद को खून उपलब्ध करवा जा सके।

### दो बेटियों के साथ आत्महत्या करने के मामले में हुआ खुलासा

# बड़ी बेटी के पति से परेशान होकर तीनों मां बेटी ने की थी आत्महत्या

महिला के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

■ अमेरिका में रह रहे आरोपी का जल्द जारी करवाया जाएगा लुक आउट नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा के कैथल में बुजुर्ग महिला गुड्डी और उसकी दो बेटियों निशा व पूजा के सुसाइड केस में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस के मुताबिक, अमेरिका में बैठे बड़ी बेटी निशा के पति जितेंद्र उर्फ काला ने तीनों महिलाओं को सुसाइड करने के लिए मजबूर किया था। यह सिलसिला फरवरी 2025 में छोटी बेटी पूजा की शादी के साथ ही शुरू हो गया था।




कैथल। गुड्डी देवी व पूज फोटो : हरिभूमि

### नीरज ने फोन पर बताया

अमेरिका की कैलिफोर्निया सिटी में रह रहे गुड्डी देवी के बेटे नीरज ने फोन पर बताया कि बड़े जीजा जितेंद्र की वजह से सब परेशान थे। उसकी 29 मई की रात मां गुड्डी से बात हुई थी। मां ने बताया था- तेरी दोनों बहनें घर आई हुई हैं। सब परेशान हैं। परेशानी का कारण पूछने पर मां ने सिर्फ इतना कहा था कि तू रह दें, अपने काम पर ध्यान दें।

आरोप है कि पूजा की शादी से जितेंद्र खुश नहीं था। पहले वह अपनी पत्नी निशा को कॉल कर धमकी दिया करता था। फिर पूजा की शादी होने के बाद वह उसे और उसके पति अनिल को भी धमकाने लगा था। दिन में कई बार कॉल और मैसेज करता था। इसी से तनाव में आकर पूजा 2 दिन पहले मायके आ गई, लेकिन जितेंद्र के कॉल और मैसेज से टॉर्चर बंद नहीं हुआ। सुसाइड करने वाले दिन भी यही हुआ था। इन आरोपों के साथ पूजा के पति अनिल ने जितेंद्र के खिलाफ केस दर्ज कराया है। फिलहाल, पुलिस जांच कर रही है।

### जान से मारने की दी धमकी

पूजा के पति अनिल ने पूंडरी थाने में दी शिकायत में आरोप लगाया कि फरवरी 2025 में उसकी पूजा के साथ जिस समय शादी हुई थी, तभी से जितेंद्र उनको परेशान कर रहा था। वह जान से मारने तक की भी धमकी देता था। इससे परिवार के साथ-साथ उसके ससुराल पक्ष के लोग भी करीब 3 माह से काफी परेशान थे।

### अलग-अलग नंबरों से देता था धमकी

अनिल ने आगे बताया कि आरोपी जितेंद्र अमेरिका में बैठा है और वहीं से अलग-अलग नंबरों से कॉल कर धमकी देता और मैसेज भेजता था। कहता था कि मैं तो अमेरिका में रहता हूं। मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। मगर, मैं यहां रहकर तुझे और तेरी फैमिली को बर्बाद कर दूंगा। आरोप है कि जितेंद्र उसे तो गालियां देता ही था, उसके रिश्तेदारों को भी इसी तरह धमकी देता था। अनिल के मुताबिक, जितेंद्र का कॉल और मैसेज करने का सिलसिला थम नहीं रहा था। एक नंबर ब्लॉक करते तो वह किसी दूसरे नंबर से कॉल करता। फोन नहीं उठाते तो मैसेज कर गालियां देता। इससे उनका नवविवाहित जीवन तनाव से भर गया था। इसके बाद पूजा 29 मई को मायके आ गई। पूजा की बड़ी बहन निशा पहले से ही अपने ससुराल करनाल के माजरा रोडान गांव से मायके आई हुई थी।

### समझाने के बावजूद नहीं माना आरोपी

अनिल का आरोप है कि जितेंद्र को कई बार समझाया गया, लेकिन वह मान नहीं रहा था। दोनों बहनों निशा और पूजा के मायके आने के बाद जितेंद्र ने उन्हें ज्यादा टॉर्चर करना शुरू कर दिया था। गालियों के साथ जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दी गई। अनिल के मुताबिक, पत्नी पूजा ने जितेंद्र की इस करतूत के बारे में बताया भी था। आरोप है कि जितेंद्र के इसी टॉर्चर से तंग आकर उसकी सास गुड्डी, साली निशा और पत्नी पूजा को आत्महत्या का रास्ता अपनाना पड़ा।

### अमेरिका में ट्रक ड्राइवर है नीरज

नीरज अमेरिका में ट्रक ड्राइवर है। इस घटना के बाद वह परेशान है और हताश है। बार-बार अपनी मां और बहनों को याद कर रो रहा है। नीरज का कहना है कि उसकी बहन को जीजा शुरू से ही परेशान कर रहा था। सिर्फ आरोपी जीजा ही नहीं, बल्कि पूरा परिवार घटिया किस्म का है। इन्हें किसी के दुख-सुख से कोई सरोकार नहीं है। आरोपियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए

### सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए

इस आदमी (जीजा) ने मेरे छोटे जीजा का घर भी उजाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इसने मेरा परिवार उजाड़ दिया है। मैं अब करूं क्या? कुछ समझ ही नहीं आ रहा। खुद को बेबस सा महसूस कर रहा हूं। अगर इंडिया में होता तो कम से कम अपनी मां और बहनों के अंतिम दर्शन ही कर लेता। ऐसे आरोपियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए।

### गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए

पूंडरी थाना के प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी जितेंद्र की गिरफ्तारी को प्रयास करना शुरू किया है। इसके तहत अब आरोपी के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया जाएगा। इस लुक आउट नोटिस के तहत पासपोर्ट की जानकारी लेकर देश के सभी एयरपोर्ट प्रबंधन के साथ साझा की जाएगी। ऐसे में जैसे ही आरोपी जब भी देश में आएगी तो उसकी गिरफ्तारी आसानी से हो जाएगी।

## डीबीके पब्लिक स्कूल के टॉपर्स को राह ग्रुप फाउंडेशन ने किया सम्मानित



नरवाना। डीबीके पब्लिक स्कूल के शिक्षाए खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के टॉपर्स स्टूडेंट को सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन की ओर से अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को उनकी क्षमता के अनुसार केश अवार्डए ट्रॉफीए मेडल एवं प्रमाण.पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में राह संस्था के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ मौजूद रहेए जबकि राह क्लब जिला जींद वरिष्ठ सलाहकार नरेन्द्र जेठी अति विशिष्ठ अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने कहा कि देश व प्रदेश के भविष्य की जिम्मेदारी युवा पीढ़ी की कंधों पर है। युवा वर्ग में अनोखी काबिलियत है कि यदि वह इरादा कर ले तो वह पूरी दुनिया को बदल सकताहै। युवा वर्ग अपने हौसले और जुनून को सही मार्ग पर ले जाएं तो एक सकारात्मक समाज की रचना कर सकते हैं। इससे पहले स्कूल में पहुंचने पर राह संस्था की टीम का प्राचार्या रीटा वालिया द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने विद्यार्थियों को टाईम मैनेजमेंट एवं क्षेत्र विशेष में कैरियर के अवसरों की व्यापक जानकारी दी। उन्होंने खिलाड़ियों को ग्रेडेशन एवं सरकारी नौकरी व दूसरे विकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।नरेश सेलपाड़ ने समाज के बदलाव में युवाओं के सकारात्मक योगदान की शुरुआत अपने घर व आस.पड़ोस से ही करने का आहवान किया। इससे पहले राह की टीम ने स्कूल की गतिविधियों का बारीकी से अवलोकन भी किया। इस दौरान राह क्लब नरवाना की महिला उपाध्यक्ष रानी कौशिकए क्रिएटिव क्लासेज के निदेशक नरेश कटारियाए निधि मलिक सहित स्कूल का स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे। इस दौरान राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने डीबीके स्कूल के तीन टॉपर्स को हिसार की एक नामी एकेडमी के माध्यम से नीटए जेईई या दूसरे प्रकार की उच्च स्तरीय प्रवेश परिक्षाओं या सरकारी नौकरियों की तैयारी के लिए सीईटी की तैयारी के लिए संपूर्ण रुप से निरूशुल्क कोचिंग उपलब्ध करवाने का भी ऐलान किया।

## चीका में बाल समागम का आयोजन बच्चों ने किया सतगुरु का यशोगान

■ बच्चों की एक महीने की मेहनत की सराहना की, अगला समागम जोनल स्तर पर 11 को होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

निरंकारी सत्संग भवन, खरोदी रोड चीका में आज ब्रांच स्तर पर बाल समागम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कैथल से आए संयोजक राजेंद्र जुनेजा जी मंच पर विराजमान रहे, जबकि मंच संचालन किरण बहन ने किया।

संयोजक राजेंद्र जुनेजा ने बच्चों की एक महीने की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह बाल समागम ब्रांच स्तर पर आयोजित किया गया है और अगला समागम जोनल स्तर पर 11 जून 2025 को निरंकारी भवन कैथल में होगा।

उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे दिन-दूनी रात-चौगुनी तरक्की करें, बड़े होकर डॉक्टर, ऑफिसर बनें और सतगुरु का धन्यवाद करते रहें।




कैथल। कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी फोटो : हरिभूमि

बच्चों ने सतगुरु के यश का भावपूर्ण गान किया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में हरियाणवी नृत्य व पंजाबी गिद्धा प्रस्तुत किया, जिसे सत्संग में मौजूद सभी श्रद्धालुओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा।

इस मौके पर चीका ब्रांच के संचालक कस्तूरी लाल, शिक्षक राकेश कुमार, धर्मेंद्र सिंह, गुरदेव सिंह, बलकार, निर्मल सिंह, अजय सिंह (प्रचारक), विनोद, सवीस, सुखदेव सिंह, लाली, सुरेश चंद, पवन कुमार सहित अनेकों महात्मा उपस्थित रहे।



कैथल। मीटिंग के दौरान नशे को लेकर शपथ लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सीएचसी में दिया बेटी बचाओ का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

सी एच सी राजौंद के वरिष्ठ चिकित्सक अधिकारी कीर्ति शर्मा के निर्देश अनुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सुरेश की अध्यक्षता में इस कैंप का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम में जितेंद्र सी एच ओ दर्शना व रजनी एएनएम तथा आशा वर्कर आंगनबाड़ी वर्कर मोजूद रहे। इस दौरान दर्शना चहल ने कन्या भ्रूण हत्या न करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक संतुलन को बनाए रखने हेतु बेटियों को पैदा होने पर बढ़ावा देना होगा। बेटियां आज किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं है वह जमीन से लेकर आसमान तक भारत का गौरव बढ़ाने का कार्य कर रही है। इस दौरान कन्या भ्रूण हत्या न करवाने व नशे के बारे में जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई गई।

## माता-पिता की सेवा करना ही सच्ची ईश्वर भक्ति : प्रेम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

न्यूरो साइंस कोच एवं जिला कष्ट निवारण समिति के पूर्व सदस्य प्रेम धीमान ने विश्व माता-पिता दिवस के अवसर पर एक गहरा और भावनात्मक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा करना किसी भी धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन या तीर्थयात्रा से बढकर है। प्रेम धीमान ने कहा जो बच्चे अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करते हैं, उनका आदर-सत्कार करते हैं और सेवा में तत्पर रहते हैं, उन्हें भगवान का आशीर्वाद बिना मांगे प्राप्त हो जाता है। वास्तव में, माता-पिता का आशीर्वाद ही साक्षात भगवान का आशीर्वाद है। प्रेम धीमान ने भगवान गणेश की कथा का उदाहरण देते हुए बताया, /"जब भगवान शिव ने अपने पुत्रों गणेश और कार्तिक को ब्रह्मांड का



चक्कर लगाने के लिए कहा, तो कार्तिक सवारी लेकर निकल पड़े। लेकिन गणेश ने माता-पिता की परिक्रमा कर कहा कि मेरे लिए माता-पिता ही समस्त ब्रह्मांड हैं। इस अद्वितीय श्रद्धा के कारण ही उन्हें प्रथम पूज्य का स्थान प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि हर घर एक मंदिर के समान है, और उसमें माता-पिता देवताओं के तुल्य होते हैं। घर की पवित्रता को बनाए रखना हर बच्चे का नैतिक और आध्यात्मिक कर्तव्य है। विश्व माता-पिता दिवस पर बच्चों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा अपने माता-पिता की सेवा करें, उन्हें सम्मान दें, और उनके अनुभवों से सीखें।

### गुलकनी में संपन्न भाकियू का राज्य स्तरीय कार्यक्रम

# आंदोलन में जान गंवाने वाले किसानों को दी श्रद्धांजलि

■ भाकियू युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष भी पहुंचे राज्य स्तरीय कार्यक्रम में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव गुलकनी में किसान आंदोलन के दौरान साल 2002 में जान गंवाने वाले किसानों को श्रद्धांजलि देने के लिए भारतीय किसान यूनियन द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। इसमें भाकियू के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत के अलावा राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह के अलावा प्रदेश भर से किसान पहुंचे। सबसे पहले सुबह आठ बजे हवन किया गया। इसके बाद दोपहर को 10 बजे कार्यक्रम शुरू हुआ। किसान नेताओं ने संबोधन से पहले किसानों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद किसान नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि बिजली के बिलों को लेकर प्रदेश भर में साल 1992 से बिजली आंदोलन चला आ रहा है। साल 2002 में गांव गुलकनी के पास भाकियू के कार्यक्रम के धरने के दौरान जिला प्रशासन ने गोली चलवा दी। पुलिस की गोली लगने से 9 किसानों की जान चली गई थी। जान गंवाने वाले किसानों में राजपुरा भैण गांव के पांच किसान हवा सिंह, दिलबाग, राजेश, महासिंह, ओमप्रकाश, गांव गुलकनी निवासी चार किसान बिजेंद्र शर्मा, राम गोपाल, राजबीर, नरेश शामिल हैं। बाद में इन जान गंवाने वाले किसानों के स्टेच्यू यूनियन द्वारा गुलकनी में बनवाए गए। तभी से हर साल गुलकनी गांव में भाकियू द्वारा किसान शहीदी दिवस मनाया जाता है। नौगामा खाप व भाकियू ने इन किसानों की याद में गुलकनी गांव में स्मारक का निर्माण करवाया हुआ है। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से किसान पहुंचे और किसान आंदोलन में जान गंवाने वाले किसानों को याद किया गया।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान नेता।

### तो आंदोलन करेगी भाकियू

इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामफल कंडेला, प्रदेश अध्यक्ष रतनमान, युवा प्रदेश अध्यक्ष रवि आजाद, जिला अध्यक्ष बारू राम, युवा प्रधान बिंद्र नंबरदार, प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल, नौगामा खाप के प्रधान सुरेश बहबलपुर, खाप प्रेस प्रवक्ता उमेद जागलान, धर्मपाल घिमाना, जयबीर लोहान राजपुरा भैण मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष रतनमान और प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल ने कहा कि भाकियू द्वारा जल्द ही कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा और इसे गांव-गांव के स्तर पर ले जाया जाएगा। इसके अलावा आंधी और तुफान के कारण जो बिजली के पोल गिरे हुए हैं, उन्हें निगम जल्द से जल्द ठीक करे। आगामी चार-पांच दिनों में इन पोल को सही नहीं किया गया तो भाकियू आंदोलन करेगी।